रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार, 19 नवम्बर, 2026

वर्ष 02 | अंक 274 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

25 साल बाद एमपी में खत्म हुआ दो बच्चों वाला नियम

● स्पेशल कैबिनेट मीटिंग में सिविल सेवा नियम में संशोधन को मंजूरी

भोपाल (एजेंसी) मध्य प्रदेश में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए बड़ी खबर है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ के बाद एमपी सरकार ने भर्तियों में दो बच्चों की पाबंदी वाला नियम खत्म कर दिया है, जो 25 साल से लागू था। बुधवार को हुई स्पेशल कैबिनेट बैठक में जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के सिविल सेवा नियम, 1961 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद अब तीसरा बच्चा होने पर न तो किसी सरकारी कर्मचारी की नौकरी जाएगी और नही नई भर्तियों में तीन बच्चों वाले उम्मीदवारों



को अयोग्य माना जाएगा। मध्य प्रदेश की सरकारी भर्तियों में दो बच्चों की पाबंदी वाला नियम 26 जनवरी 2001 के बाद से लागू था। तत्कालीन दिग्विजय सरकार ने इस नियम को जनसंख्या नियंत्रण को बढ़ावा देने के लिए लागू किया था।



सुप्रीम कोर्ट और एमपी कोर्ट ने सरकार से किए थे सवाल

हाल के कुछ वर्षों में सरकारी भर्तियों में टू-चाइल्ड पॉलिसी को व्यक्तिगत स्वतंत्रता के हनन के रूप में देखा जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने इसकी प्रासंगिकता पर टिप्पणी की थी और एमपी कोर्ट ने भी नौकरी लगने के बाद तीसरा बच्चा होने पर नियम लागू होने को लेकर सरकार से सवाल किए थे। हाल ही में इस नियम को हटाने में तब तेजी आई जब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने घटती जनसंख्या पर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि भारत में प्रजनन दर 2.1 है, लेकिन समाज के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए 3 बच्चों का होना जरूरी है।

राजस्थान और छत्तीसगढ़ में लागू था नियम

मध्य प्रदेश अकेले ऐसा राज्य नहीं है, जहां सरकारी नौकरियों में दो बच्चों की पाबंदी वाला नियम लागू था। राजस्थान सरकार ने इसे साल 2016 और छत्तीसगढ़ सरकार ने इसे 2017 में खत्म कर दिया था। वहीं आंध्र प्रदेश ने तीसरे बच्चे पर 25000 रुपये के प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की है। टू-चाइल्ड पॉलिसी के चलते हजारों कर्मचारियों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा है। स्कूल, कॉलेज और मेडिकल कॉलेजों के सरकारी कर्मचारियों के 8 से 10 हजार मामले तीसरी संतान को लेकर विभागीय जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई के दायरे में थे, जिन्हें अब बंद कर दिया जाएगा। हालांकि, सरकार ने साफ कर दिया है कि इस नियम के चलते जिन कर्मचारियों की नौकरी जा चुकी है या कार्रवाई में आखिरी फैसला हो चुका है, उन्हें वापस नहीं लाया जाएगा। यानी सेवा से बाहर चुके सरकारी कर्मचारियों को कोई राहत नहीं मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गांधी सागर में उपज से उद्यम प्रदर्शनी का शुभारंभ किया



प्रदर्शनी में जिले के किसानों द्वारा कृषि के क्षेत्र में किया जा रहे हैं नवाचारों नई कृषि तकनीक और खाद्यान्न, फलोद्यान व मसाला उत्पाद प्रदर्शित किए गए । प्रदर्शनी में जिले के उद्यमियों , महिला स्व सहायता समूहों, स्वरोजगार के लिए युवाओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों को प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान कृषकों तथा उद्यमियों से संवाद किया उनसे उनके उत्पादों की निर्माण लागत तथा मार्केट लिंक आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बातचीत में शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित भी किया। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थल तथा प्रमुख पर्यटन केंद्रो पर ऐसे उत्पादों के प्रदर्शन तथा बिक्री की व्यवस्था की जाएगी। उपज से उद्यम प्रदर्शनी में धनिया, मूंगफली, लहसुन, संतरा, पान क्लस्टर पर केंद्रित स्टाल लगाए गए हैं। इसके साथ ही औषधि और दुग्ध उत्पादन पर भी स्टॉल हैं। नशा मुक्ति मंदसौर के अंतर्गत किए जा रहे प्रयासों और राज्य आजीविका मिशन के अंतर्गत जिले में हो रही गतिविधियों पर विशेष स्टॉल लगाया गया है। सूक्ष्म दाब सिंचाई योजना से कृषि क्षेत्र में हुए लाभ को भी प्रदर्शनी में दर्शाया गया है।

मोदी की दो दिवसीय

फिलीपींस यात्रा संपन्न

प्रधानमंत्री स्वदेश लौटे, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर रहा जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय फिलीपींस यात्रा संपन्न हो गई है। यात्रा पूरी करने के बाद प्रधानमंत्री स्वदेश लौट आए। इस दौरान दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत करने तथा सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री की यात्रा को भारत और फिलीपींस के बीच रणनीतिक संबंधों की दृष्टि से अहम माना जा रहा है। बातचीत में व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा और क्षेत्रीय सहयोग जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। दोनों देशों ने आपसी साझेदारी को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता भी जताई। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने



फिलीपींस के शीर्ष नेतृत्व के साथ मुलाकात की। क्षेत्रीय और वैश्विक परिस्थितियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। प्रधानमंत्री की वापसी के साथ ही अब यात्रा के दौरान हुए समझौतों और सहमति को आगे बढ़ाने पर नजर रहेगी।

जैव ईंधन अपनाए भारत, ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़े

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को मजबूत करने के लिए जैव ईंधन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश को ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भरता कम करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना होगा। गडकरी लंबे समय से पेट्रोल और डीजल के विकल्प के तौर पर जैव ईंधन, इथेनॉल और अन्य वैकल्पिक ईंधनों के इस्तेमाल की वकालत करते रहे हैं। उनका जोर कृषि उपज और अपशिष्ट से तैयार होने वाले ईंधन के इस्तेमाल पर भी रहा है। जैव ईंधन का उत्पादन बढ़ने से किसानों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर पैदा होने के साथ पेट्रोलियम आयात पर होने वाले खर्च को कम करने में मदद मिल सकती है।

प्रदूषण पर एक्शन मोड में CM रेखा गुप्ता

राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए दिल्ली सरकार एक्शन मोड में आ गई है। प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण और नागरिकों को स्वच्छ हवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कैबिनेट मंत्रियों के साथ विभिन्न संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए अब तक किए गए उपायों और उनकी जमीनी प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजधानी के अत्यधिक प्रदूषण प्रभावित क्षेत्रों (हॉटस्पॉट्स) की पहचान कर वहां लगातार निगरानी सुनिश्चित की जाए।

31 दिसंबर को निकलेगी बाबा रणजीत हनुमान की भव्य प्रभात फेरी

रणजीत हनुमान मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया अन्नकूट महोत्सव, पंडित दीपेश व्यास ने बताया धार्मिक महत्व

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

इंदौर रणजीत हनुमान मंदिर में अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के पंडित दीपेश व्यास ने अन्नकूट महोत्सव के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि सनातन धर्म में अन्नकूट महोत्सव के साथ दान-पुण्य और सेवा का विशेष महत्व है। आंवला नवमी के अवसर पर अन्नकूट महोत्सव मनाया जाता है। इस दौरान भगवान को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाता है। साथ ही दान-दक्षिणा और जरूरतमंदों की सेवा को भी पुण्यदायी माना गया है। पंडित दीपेश व्यास ने बताया कि रणजीत हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भी भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता





है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर प्रसादी ग्रहण करते हैं

31 दिसंबर को निकलेगी बाबा रणजीत हनुमान की भव्य प्रभात फेरी - इसी के साथ उन्होंने आगामी धार्मिक आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि 31 दिसंबर को प्रातः 5 बजे बाबा रणजीत हनुमान की भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इस अवसर पर चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रथम दिन कलेक्टर महोदय द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। दूसरे दिन भव्य भजन संध्या, तीसरे दिन रुद्राभिषेक एवं सुंदरकांड पाठ और चौथे दिन बाबा की भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी। पंडित दीपेश व्यास ने समस्त श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होकर बाबा रणजीत हनुमान के दर्शन एवं धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की।

शिवपुरी में अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा कसने की तैयारी, एसपी यांगचेन डोलकर भूटिया ने थाना प्रभारियों को दिए सख्त निर्देश



ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी। जिले में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया ने बुधवार, 18 नवंबर को पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के सभी एसडीओपी और थाना प्रभारियों की क्राइम मीटिंग ली। बैठक में अपराधों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने लापरवाही छोड़कर सक्रियता के साथ काम करने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी ने स्पष्ट किया कि गंभीर और चिन्हित अपराधों में आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। लंबे समय से लंबित अपराधों और चालानों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। वहीं महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता बरतते हुए पीड़िताओं को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

अवैध कारोबार करने वालों पर रहेगी नजर

एसपी ने जिले में स्मैक, गांजा, जुआ और सट्टे जैसी अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के निर्देश दिए। हिस्ट्रीशीटरों, गुंडा-बदमाशों और जिला बदर आरोपियों की नियमित निगरानी एवं चेकिंग करने को कहा गया। इसके साथ ही असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने और फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

एक साथ होगी कॉम्बिंग गश्त, होटल-ढाबों की भी जांच

बैठक में सभी थानों को एक साथ कॉम्बिंग गश्त करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान स्थायी वारंटियों, गिरफ्तारी वारंटियों, गुंडा-बदमाशों और जिला बदर आरोपियों की तलाश कर अधिक से अधिक वारंट तामील कराने पर जोर दिया गया। पुलिस को होटल और ढाबों की भी नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

शिकायतों के निराकरण और साइबर जागरूकता पर जोर

एसपी ने जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। नाबालिग बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी तथा एससी-एसटी वर्ग से जुड़े लंबित मामलों में त्वरित वैधानिक कार्रवाई करने को भी कहा गया। इसके अलावा प्रत्येक थाना क्षेत्र में साइबर जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। क्राइम मीटिंग में एसडीओपी शिवपुरी, पोहरी, पिछोर सहित जिले के सभी थाना प्रभारी अपनी-अपनी रिपोर्ट के साथ मौजूद रहे। एसपी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

घसारई मोड़ पर बड़ा सड़क हादसा!

जानवर को बचाने के प्रयास में गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक पलटा, बड़ा हादसा टला

ऋषि गोस्वामी



शिवपुरी से झांसी जा रहा था ट्रक, सड़क पर अचानक जानवर आने से चालक ने खोया नियंत्रण, गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई

शिवपुरी। शिवपुरी से झांसी की ओर गैस सिलेंडर भरकर जा रहा एक ट्रक घसारई मोड़ पर अचानक सड़क पर जानवर आ जाने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक शिवपुरी से झांसी की ओर जा रहा था। इसी दौरान घसारई मोड़ पर अचानक सड़क पर एक जानवर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में ट्रक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते ट्रक सड़क किनारे पलट गया। ट्रक में बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर भरे हुए थे, ऐसे में दुर्घटना की गंभीरता और भी बढ़ गई थी। हादसे के बाद आसपास के लोगों में हलचल मच गई। गैस सिलेंडरों से भरे ट्रक के पलटने की खबर से क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस घटना ने एक बार फिर सड़क पर अचानक मवेशियों और जानवरों के आने से होने वाले हादसों की गंभीर समस्या को उजागर कर दिया है। घसारई मोड़ पर हुए इस हादसे में चालक की सूझबूझ और किस्मत से एक बड़ी जनहानि टल गई।

कथावाचक इंद्रदेव महाराज की बढ़ीं मुश्किलें, पुलिस ने जांच की तेज; गिरफ्तारी की आशंका

पीड़िता का मेडिकल परीक्षण और घटनास्थल का नक्शा तैयार, कोर्ट में धारा 183 के तहत बयान दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवाई संभव

विशेष रिपोर्ट: एडवोकेट नरेंद्र यादव
दैनिक रणजीत टाइम्स | वृंदावन–मथुरा

वृंदावन। निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर पद से निष्कासित कथावाचक इंद्रदेव महाराज की कानूनी मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। उनके खिलाफ दर्ज मामले में वृंदावन पुलिस ने जांच तेज कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस ने पीड़ित महिला के बयान दर्ज करने के साथ ही उसका मेडिकल परीक्षण कराया और कथित घटनास्थल का निरीक्षण कर नक्शा भी तैयार किया है।

ढाई घंटे तक दर्ज हुए पीड़िता के बयान

जानकारी के अनुसार, मंगलवार को वृंदावन कोतवाली में उपनिरीक्षक प्राची तोमर ने पीड़ित महिला से लगभग ढाई घंटे तक पूछताछ की। इस दौरान महिला के बयान दर्ज किए गए और उनकी रिकॉर्डिंग भी की गई। इसके बाद पुलिस टीम पीड़िता को लेकर वृंदावन स्थित इंद्रदेव महाराज के आश्रम राधा किशोरी सेवा धाम पहुंची। बताया जा रहा है कि वहां मौजूद कुछ समर्थकों ने विरोध किया। हालांकि, पुलिस ने पीड़िता द्वारा बताए गए कथित घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई पूरी की।

जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण

घटनास्थल के निरीक्षण के बाद पुलिस पीड़िता को जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। पुलिस अब मेडिकल रिपोर्ट, पीड़िता के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है।

कोर्ट में दर्ज हो सकते हैं कलमबंद बयान

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार को पीड़ित महिला के बयान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 183 के अंतर्गत मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज कराए जाने की प्रक्रिया प्रस्तावित है। पुलिस अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि न्यायालय में बयान दर्ज होने और उपलब्ध साक्ष्यों के परीक्षण के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा।

इंद्रदेव महाराज को पूछताछ के लिए बुला सकती है पुलिस- पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच के अगले चरण में कथावाचक इंद्रदेव महाराज को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। जांच में प्राप्त साक्ष्यों और कानूनी परिस्थितियों के आधार पर गिरफ्तारी की कार्रवाई भी संभव है। हालांकि, अभी तक गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। गिरफ्तारी या किसी वारंट को लेकर अंतिम निर्णय कानून के अनुसार संबंधित पुलिस और न्यायिक अधिकारियों द्वारा लिया जाएगा।

सुरक्षा को लेकर पीड़िता ने जताई चिंता-पीड़ित महिला ने अपनी जान-माल की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है। साथ ही कथित साक्ष्यों के प्रभावित होने की आशंका भी जताई है। ऐसे में मामले की निष्पक्ष जांच और पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अग्रिम जमानत के विकल्प पर भी चर्चा-दूसरी ओर, इंद्रदेव महाराज की ओर से अग्रिम जमानत के लिए न्यायालय का रुख किए जाने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि, इस संबंध में किसी आवेदन या न्यायालय के आदेश की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कानूनी जानकारों के अनुसार, अग्रिम जमानत का निर्णय आरोपों की प्रकृति, उपलब्ध साक्ष्यों और मामले की परिस्थितियों के आधार पर न्यायालय द्वारा किया जाता है। अब न्यायालय के बयान और पुलिस की अगली कार्रवाई पर नजर-महामंडलेश्वर पद से निष्कासन के बाद कथावाचक इंद्रदेव महाराज से जुड़ा यह मामला एक बार फिर चर्चा में है। अब सबकी नजर पीड़िता



के न्यायालय में दर्ज होने वाले बयान, पुलिस की जांच और संभावित कानूनी कार्रवाई पर टिकी हुई है। फिलहाल आरोपों की न्यायिक पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित व्यक्ति को कानून के तहत अपना पक्ष रखने का पूरा अधिकार है।

कोरबा पहुंचे कवियों का अभिनंदन किया छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

कोरबा। 18 नवम्बर को घंटाघर स्थित अम्बेडकर ओपन थियेटर में हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में देर तक दर्शकों एवं श्रोतागणों ने हास्य और व्यंग्य कविताओं का आनंद लिया। कार्तिक शुक्ल नवमी (आंवला नवमी) की गुलाबी रात में कवियों ने श्रोताओं को जमकर हंसाया, गुदगुदाया। दर्शक दीर्घा से तालियों की गूंज दूर तक पहुंच रही थी। इसके पूर्व छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की जिला इकाई ने कोरबा पधारे कवियों का अभिनंदन किया। कवि सम्मेलन में लब्धप्रतिष्ठत हास्य कवि एवं व्यंग्य कवि अखिलेश द्विवेदी (हास्य) प्रयागराज, मीर अली मीर-गीतकार रायपुर, पवन बांके बिहारी-हास्य पश्चिम बंगाल, प्रियंका मिश्रा-श्रृंगार कटनी, हीरामणी वैष्णव-हास्य कोरबा, शशिभूषण स्नेही-हास्य



बिलाईगढ़ एवं कमलेश यादव धाकड़-हास्य बरमकेला आदि ने अपनी प्रस्तुति दी। इन कवियों का अखबार वितरक संघ ने सम्मान किया और इस अवसर पर जिला इकाई के अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, सचिव जयसिंह नेताम, संरक्षक रेश्म साहू, मीडिया प्रभारी रामायण सिंह, अनिल गिरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। कवियों ने अभिनंदन पर संघ का अभिवादन किया और कहा कि कोरबा आकर उन्हें काफी अच्छा लग रहा है।

पीथमपुर-राऊ रोड पर यात्री बस की बाइक से जोरदार भिड़ंत, दो युवक गंभीर

टक्कर के बाद 10 से 12 फीट दूर जा गिरे बाइक सवार, हालत नाजुक होने पर इंदौर रेफर; पावर हाउस चौराहे पर 20 मिनट तक प्रभावित रहा यातायात

पीथमपुर। पीथमपुर-राऊ मार्ग पर बुधवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। नगर पालिका पावर हाउस चौराहे के पास छाबड़ा ट्रैवल्स की यात्री बस और बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक उछलकर करीब 10 से 12 फीट दूर सड़क पर जा गिरे। हादसे में बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

पीथमपुर से राऊ जा रही थी बस

प्राप्त जानकारी के अनुसार छाबड़ा ट्रैवल्स की यात्री बस क्रमांक MP 45 ZG 9248 पीथमपुर से राऊ की ओर जा रही थी। इसी दौरान नगर पालिका पावर हाउस चौराहे के पास बस और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। भिड़ंत के बाद बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे की गंभीरता को देखते हुए आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों की मदद की और उन्हें अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की।

खंडवा और बैतूल के रहने वाले हैं युवक

दुर्घटना में घायल युवकों की पहचान खंडवा निवासी मनोज पिता गेंदा लाल उइके और बैतूल निवासी सूरज परते के रूप में हुई है। दोनों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर कर दिया।

20 मिनट तक थमा रहा यातायात

हादसे के बाद पावर हाउस चौराहे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। दुर्घटनाग्रस्त बाइक और बस के सड़क पर खड़े रहने से मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई।

देहबुद्धि से आत्मबुद्धि में स्थित होने की कला सिखाता है सहजयोग

यदा संहरते चायं कूर्मोऽङ्गानीव सर्वशः
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ॥

'भगवद्गीता'- परमपूज्य श्री माताजी प्रणित सहजयोग अपने जीवन को सर्वांगसुंदर बनानेवाला एक अनुभुतिजन्य ध्यानाविष्कार है, जिसे विश्व का कोई भी व्यक्ति, जो अध्यात्मिकता की खोज कर रहा हो, अपने अराध्य को पाने के लिये धर्मग्रंथों का पठन कर रहा हो, मंदिरों में जाकर विविध प्रकार की पूजायें अर्पित कर रहा हो, उसे यह योग प्राप्त होता है ।

सहज योग एक 'सत्ययोग' है , इसलिये सभी सत्य के साधक जो 'परम' को पाना चाहते हैं, और उस परम को पाने की ललक में तीर्थयात्रायें कर रहे हैं, व्रतवैकल्यों का अनुसरण कर रहे हैं उन्हें अपनी अंतरात्मा से पूछना पड़ेगा कि, क्या मुझे अंतरंग परमात्मा के परमानंद की अनुभूति प्राप्त हुई ? अगर आपका उत्तर सकारात्मक है, तो उपरोक्त श्लोक मे वर्णित कूर्म जैसे आप अपने पंच ज्ञानेंद्रीयों को अंतरात्मा में स्थापित कर, बाहर की सभी नकारात्मकता से स्वयं को बचाकर, निरानंद का आनंद उठा पा रहे हैं? यदि नहीं तो



सहजयोग आपकी राह देख रहा है । परमपूज्य श्री माताजी कहते हैं कि, आप आत्मा को पाये बगैर परमात्मा को प्राप्त नहीं कर सकते । और अपने हृदयस्थित आत्मा को पाने के लिये आपको हृदय में विनम्रता का भाव धारण कर श्री आदी शक्ति से अपना आत्मसाक्षात्कार माँगना होगा, जब आपका योग घटित होगा तब आपके पिंड में स्थित कुंडलिनी माता उर्ध्वगामी होकर आपके सहस्त्रार का भेदन कर ,आपको शीतल चैतन्य लहरियों का स्नान करा देगी । और इस आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के बाद जिस प्रकार आप आईने में अपने मुखमंडल का अवलोकन करते हैं उसी प्रकार आप अपने आत्मारूपी आईने से अपने अंतरंग को मलीन करने वाले षड् रिपुओं को देख सकेंगे । जब आप आपने अंदर के दोषों को देख सकेंगे तो पूरी इमानदारी से उसे धोने की कोशिश करेंगे और इसके उपरांत आप एक बच्चे जैसे बन जायेंगें, बच्चों में अपने पराए का भाव नहीं होता, वे सभी को अपना समझते हैं, उसी प्रकार की अबोधिता एक आत्मसाक्षात्कार प्राप्त साधक में होनी चाहिये। श्री माताजी कहते हैं कि, भगवान श्रीकृष्ण हमारे विशुद्धि चक्र पर विराजमान हैं, नियमित ध्यान से जब हमारा विशुद्धि चक्र स्वच्छ होता है, तो वह चक्र हमे वाणी मधुरता, सामुहिकता, साक्षीभाव प्रदान करता है । श्रीकृष्ण हमें अनेक शक्तियों से आशीर्वादित करते हैं। ध्यान करने वाले समूह के सहस्त्रार से उत्सर्जित सामूहिक चैतन्य लहरियों से अपने व्यक्तिगत, सामाजिक ही नहीं वैश्विक प्रश्न भी हल किये जा सकते हैं । उपरोक्त वर्णित भगवद्गीतासे लिया गया जो श्लोक है उसका अर्थ यह है कि जिस प्रकार कूर्म ('कासव') जब उसके उपर कोई संकट आता है तो अपने अवयव कवच के अंदर खींच लेता है और अपने आपको बचाता है , उसी प्रकार आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति नकारात्मकता से खुद को बचा सकता है। वह तत्क्षण देह बुद्धि से आत्मबुद्धि में स्थित हो जाता है, भगवान के साम्राज्य में चला जाता है, जहाँ कोई भी विनाशकारी शक्ति उसका बाल भी बांका नहीं कर सकती । यह श्रीकृष्ण की शक्ति का सबसे बड़ा आशीर्वाद है, जिसे प्रत्येक साधक प्राप्त कर सकता है। सहजयोग की जानकारी टोल फ्री 18002700800 अथवा वेबसाइट www.sahajayoga.org.in से प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निशुल्क है।

पीपलखेड़ा में नहर और बिजली की समस्या को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को सौंपा ज्ञापन

धर्मेन्द्र गुप्ता

जिली कटौती और नहर की सफाई नहीं होने से खेतों तक पानी नहीं पहुंचने की उठाई समस्या

विदिशा शमशाबाद विधानसभा के ग्राम पीपलखेड़ा में नहर और विद्युत समस्याओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के विदिशा आगमन पर सर्किट हाउस में मुलाकात कर उनको ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की किसान धर्मेन्द्र गुप्ता (पीपलखेड़ा) ने कांग्रेस प्रवक्त सुशील शर्मा , जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रमेश तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस नटेरन अध्यक्ष शरद शर्मा के साथ जीतू पटवारी को ज्ञापन देकर बताया गया कि किसानों को सिंचाई के लिए पानी की मोटर और पंप चलाने पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है , वहीं प्रतिदिन 10 से 12 घंटे तक लगातार बिजली कटौती की जा रही है, जिससे किसानों को फसलों की सिंचाई करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही किसानों ने हलाली डेम से नहर छोड़े जाने के 16 दिन बीतने के बावजूद खेतों तक पानी नहीं पहुंचने की समस्या भी उठाई , किसान धर्मेन्द्र गुप्ता, देवेंद्र चौकसे अशफ़ाक खान अमित बौरागी पीपलखेड़ा ने आरोप लगाते हुए कहा है कि एसडीओ द्वारा नहर की सफाई सही तरीके से नहीं कराई गई, जिसके चलते नहर का पानी किसानों के खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने किसानों को आश्वासन दिया कि वे जल्द ही इस संबंध में उच्च स्तरीय अधिकारियों से चर्चा कर समस्याओं के निराकरण का प्रयास करेंगे ।

विदिशा जिले में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन का 49.82 प्रतिशत कार्य पूर्ण

धर्मेन्द्र गुप्ता

1 लाख 33 हजार 899 भूखंडों में से 66 हजार 708 की स्वामित्व रजिस्ट्री पूर्ण, सात तहसीलों में 50 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि विदिशा। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में विदिशा जिले में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 के तहत स्वामित्व रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य तेजी से प्रगति पर है। जिले में निर्धारित कुल 1 लाख 33 हजार 899 भूखंडों के विरुद्ध अब तक 66 हजार 708 स्वामित्व रजिस्ट्रियों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस प्रकार जिले में कुल 49.82 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया है। जिले की 12 तहसीलों में से सात तहसीलों में स्वामित्व रजिस्ट्री का कार्य 50 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुका है। 18 नवंबर 2026 की स्थिति में जारी तहसीलवार प्रगति रिपोर्ट के अनुसार विदिशा नगर तहसील में सर्वाधिक 65.26 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। यहां निर्धारित 2,755 भूखंडों के विरुद्ध 1,798 स्वामित्व रजिस्ट्रियां तैयार की जा चुकी हैं। इसी प्रकार सिरोंज तहसील में 20,010 भूखंडों के लक्ष्य के विरुद्ध 10,988 रजिस्ट्रियां पूर्ण कर 54.91 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है। ग्यारसपुर तहसील में 7,080 के विरुद्ध 3,885 रजिस्ट्रियां पूर्ण हुई हैं, जो 54.87 प्रतिशत है। करवाई तहसील में 13,202 के विरुद्ध 7,105 रजिस्ट्रियां पूर्ण कर 53.82 प्रतिशत कार्य संपादित किया गया है।शमशाबाद तहसील में 9,606 भूखंडों के विरुद्ध 5,118 स्वामित्व रजिस्ट्रियां पूर्ण हुई हैं। यहां 53.28 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। त्योंदा तहसील में 8,281 के विरुद्ध 4,365 रजिस्ट्रियां पूर्ण कर 52.71 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है। वहीं विदिशा तहसील में 20,711 भूखंडों के लक्ष्य के विरुद्ध 10,361 रजिस्ट्रियां पूर्ण हो चुकी हैं। यहां कार्य की प्रगति 50.03 प्रतिशत है।अन्य तहसीलों में भी जारी है कार्य जिले की अन्य तहसीलों में भी स्वामित्व रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य निरंतर जारी है। नटेरन तहसील में 11,297 के विरुद्ध 5,438 रजिस्ट्रियां पूर्ण हुई हैं, जो 48.14 प्रतिशत है। गुलाबगंज तहसील में 7,973 के विरुद्ध 3,809 रजिस्ट्रियां पूर्ण कर 47.77 प्रतिशत कार्य संपन्न किया गया है। बासौदा तहसील में 16,830 भूखंडों के लक्ष्य के विरुद्ध 7,704 स्वामित्व रजिस्ट्रियां तैयार की जा चुकी हैं। यहां 45.78 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। पठारी तहसील में 5,541 के विरुद्ध 2,274 रजिस्ट्रियां पूर्ण हुई हैं, जो 41.04 प्रतिशत है। वहीं लटेरी तहसील में 10,613 भूखंडों के लक्ष्य के विरुद्ध 3,863 रजिस्ट्रियां पूर्ण कर 36.40 प्रतिशत कार्य संपादित किया गया है। संपत्ति के अधिकार अभिलेख से नागरिकों को मिलेगा लाभ स्वामित्व योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को उनकी आबादी भूमि का अधिकार अभिलेख एवं स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे नागरिकों को अपनी संपत्ति पर वैधानिक अधिकार का प्रमाण प्राप्त होगा। साथ ही संपत्ति संबंधी विवादों में कमी लाने, भूमि अभिलेखों को व्यवस्थित करने तथा संपत्ति के अधिकारों को स्पष्ट करने में भी मदद मिलेगी। जिले में कुल 1 लाख 33 हजार 899 भूखंडों के लक्ष्य के विरुद्ध 66 हजार 708 स्वामित्व रजिस्ट्रियां पूर्ण होना इस अभियान की प्रगति को दर्शाता है। शेष भूखंडों की स्वामित्व रजिस्ट्री पूर्ण कराने के लिए तहसीलवार कार्य जारी है।



मिशन नीव कार्यक्रम के माध्यम से
आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को किया जाएगा सुदृढ़

इंदौर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इंदौर श्री हिमांशु प्रजापति की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन स्टॉप सेंटर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) को सुदृढ़ बनाने तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पूर्व प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिशन नीव कार्यक्रम का रिलॉन्च किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस (महिला सुरक्षा), जिला विधिक सहायता अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि, जिला मुख्य अभियोजन अधिकारी, दहेज सलाहकार बोर्ड के सदस्य, वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक तथा रॉकेट लर्निंग संस्था के अंतर्गत संचालित मिशन नीव कार्यक्रम के जिला समन्वयक उपस्थित थे इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा ने मिशन नीव कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों की देखभाल एवं शिक्षा उनके सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

आबकारी विभाग में फेरबदल

देपालपुर वृत्त के प्रभारी बदले

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

राजेश वट्टी को कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी, आकाश मैश्राम संभालेंगे देपालपुर वृत्त

इंदौर। जिले में आबकारी विभाग की प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव करते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी ने महत्वपूर्ण फेरबदल किया है। इसके तहत आबकारी उपनिरीक्षक राजेश वट्टी को वृत्त देपालपुर से हटाकर कंट्रोल रूम प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं, वृत्त छावनी में पदस्थ आबकारी उपनिरीक्षक आकाश मेश्राम को स्थानांतरित कर वृत्त देपालपुर का दायित्व सौंपा गया है। इस बदलाव के बाद अब देपालपुर क्षेत्र में आबकारी विभाग की कमान आकाश मेश्राम के हाथों में रहेगी।



राजेश वट्टी आबकारी उप निरीक्षक
कंट्रोल रूम प्रभारी



आकाश मेश्राम नवागत आबकारी
उप निरीक्षक देपालपुर

विभागीय स्तर पर किए गए इस फेरबदल को क्षेत्रीय प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव के रूप में देखा जा रहा है

अब नए प्रभारी के सामने देपालपुर वृत्त में आबकारी संबंधी गतिविधियों की निगरानी और विभागीय जिम्मेदारियों के प्रभावी निर्वहन की चुनौती रहेगी।

पंचायत सचिव निलंबित

शासकीय योजनाओं में लापरवाही का आरोप

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

इंदौर। जिला पंचायत इंदौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति ने जनपद पंचायत देपालपुर के ग्राम पंचायत चिकलोण्डा के सचिव जसवंत यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जसवंत यादव के पास ग्राम पंचायत जलोदिया पंथ का अतिरिक्त प्रभार भी था। इस संबंध में आदेश क्रमांक 5387 दिनांक 13-11-2026 को जारी किया गया। आदेश के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत देपालपुर के पत्र क्रमांक 4530 दिनांक 16.10.2026 से अवगत कराया गया था कि सचिव द्वारा सीएम हेल्पलाइन, नलजल योजना का संचालन, समग्र ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना का निर्माण कार्य, गौशाला करों की वसूली, जल निकासी का समुचित प्रबंधन आदि का निराकरण नहीं किया गया। आदेश में यह भी उल्लेख है कि गौशाला चिकलोण्डा निर्माण कार्य में अरुचि एवं उदासीनता के कारण गौशाला निर्माण कार्य का एमओयू लंबित होना आदि कार्यों में लापरवाही किए जाने से शासकीय कार्य में विलंब होकर हितग्राही मूलक योजनाओं में लापरवाही की गई है। इस मामले में कार्यालयीन पत्र क्रमांक 5098 दिनांक 22.10.2026 को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण हेतु निर्देशित किया गया था।



आदेश के अनुसार सचिव द्वारा प्रस्तुत उत्तर संतोषप्रद नहीं पाया गया। उक्त कृत्य को कर्तव्य एवं दायित्व के प्रति घोर लापरवाही का द्योतक मानते हुए मप्र पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के नियम-3 के उप नियम (एक)(दो)(तीन) एवं मप्र पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 भाग-2 नियम-4 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत देपालपुर रहेगा। नियमानुसार निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

दोहरी उपलब्धि पर माही लाठी का सम्मान

निगम अजा एवं कर्मचारी कामगार संघ ने किया सम्मान

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

इंदौर। अपनी मेहनत, लगन और दमदार प्रदर्शन के दम पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की छात्रा माही लाठी ने संभागीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में अपने वजन वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर शहर का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इंदौर नगर निगम अनुसूचित जाति एवं निगम कर्मचारी कामगार संघ की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। माही की उपलब्धि में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए उनका कप्तान के रूप में चयन किया गया है। इस दोहरी उपलब्धि पर इंदौर नगर निगम अनुसूचित जाति एवं निगम कर्मचारी कामगार संघ के संयोजक महेश गौहर, इंदौर लोकसभा पिछड़ा वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष हिमांशु यादव, युवा कामगार संघ अध्यक्ष सूरज गौहर, श्याम, अजय पाल, रानू सेन, पहलवान कालीचरण यादव, नितेश टाक, वरदान सिरसवाल, प्रथम पाल, लोकेश महेश्वरी सहित संगठन के पदाधिकारियों ने माही का शील्ड एवं नकद राशि देकर सम्मान किया। वक्ताओं ने कहा कि माही ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत से न केवल परिवार और इंदौर का नाम रोशन किया है, बल्कि देश की बेटियों के लिए भी प्रेरणादायी उदाहरण पेश किया है। उन्होंने माही के आगामी अखिल भारतीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी।



आंवला नवमी पर विशेष
धर्म और प्रकृति के संरक्षण का संदेश देती है अक्षय नवमी



देपालपुर। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि अक्षय नवमी और आंवला नवमी के नाम से प्रसिद्ध है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह महापातकों का नाश करने वाली और अक्षय पुण्य प्रदान करने वाली तिथि है। इसी दिन से तुलसी तिरायत व्रत की शुरुआत भी होती है।इस अवसर पर ब्रह्ममुहूर्त में स्नान के बाद आंवले के वृक्ष का पूजन किया जाता है। वृक्ष की जड़ में दुग्धधारा अर्पित कर उसके चारों ओर कच्चा सूत या मौली लपेटी जाती है। दीपदान, भगवान नारायण की आरती और वृक्ष की परिक्रमा के साथ पूजा संपन्न होती है। मान्यता है कि इस दिन किए गए पुण्य कर्मों का फल अक्षय होता है।आंवले की महत्ता केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि आयुर्वेद में भी इसे स्वास्थ्य का अमृत माना गया है। पद्म पुराण और स्कंद पुराण में इसे 'धात्री वृक्ष' कहा गया है।

धात्री का अर्थ है माता के समान पोषण और संरक्षण करने वाला। ऋषि-मुनियों ने आंवले को भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का प्रिय वृक्ष बताते हुए इसे सर्वकामना सिद्ध करने वाला और पूजनीय माना है।आंवले के औषधीय गुणों के कारण इसका उपयोग पाचन, रोग प्रतिरोधक क्षमता और बालों के स्वास्थ्य से जुड़े पारंपरिक उपचारों में किया जाता है। इसके फल और पत्तियों का भी विशेष महत्व है। इस प्रकार अक्षय नवमी पर आंवले के वृक्ष की पूजा केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और उसके संरक्षण का संदेश भी देती है। परंपराओं में वृक्षों को देवतुल्य मानने के पीछे आध्यात्मिक आस्था के साथ उनके उपयोगी गुणों का भी महत्व रहा है।विटामिन-सी का प्राकृतिक खजानाआयुर्वेद में आंवले को श्रेष्ठ रसायन की संज्ञा दी गई है। इसमें विटामिन-सी, टैनिन और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। टैनिन की मौजूदगी के कारण गर्म करने पर भी इसमें विटामिन-सी की काफी मात्रा सुरक्षित रहती है। आयुर्वेद के छह रसों में से पांच रस इसमें पाए जाते हैं। इसे वात, पित्त और कफ के संतुलन के लिए उपयोगी माना गया है। च्यवनप्राश का भी आंवला प्रमुख घटक है।

इंदौर में मीट दुकानों पर निगम का शिकंजा, चार दुकानें सील

सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर 15 हजार से अधिक का जुर्माना, बकाया मीट अपशिष्ट शुल्क के रूप में एक लाख से अधिक की वसूली

इंदौर। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर नगर निगम ने अब मीट और मछली दुकानों पर सख्ती शुरू कर दी है। दुकानों में साफ-सफाई और मीट अपशिष्ट के उचित प्रबंधन को लेकर निगम की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान अनियमितताएं और सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर चार मीट दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई। वहीं, नियमों का पालन नहीं करने वाले दुकानदारों पर 15 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त बकाया मीट अपशिष्ट शुल्क के रूप में एक लाख रुपये से अधिक की राशि भी वसूल की गई। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और मीट दुकानों से निकलने वाले अपशिष्ट का व्यवस्थित



निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई। निगम की मीट अपशिष्ट प्रबंधन टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मीट एवं मछली दुकानों का निरीक्षण कर वहां की सफाई व्यवस्था, अपशिष्ट प्रबंधन और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

लापरवाही मिलने पर चार दुकानें सील-निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानों पर सफाई व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजाम संतोषजनक नहीं पाए गए। इस पर निगम की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चार दुकानों को सील कर दिया। साथ ही सफाई व्यवस्था में खामियां पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ 15 हजार रुपये से अधिक की चालानी कार्रवाई भी की गई। बकाया शुल्क नहीं चुकाने वालों से वसूली- कार्रवाई के दौरान निगम ने मीट दुकानों पर बकाया मीट अपशिष्ट शुल्क की भी जांच की। इस दौरान लंबे समय से बकाया शुल्क की वसूली करते हुए एक लाख रुपये से अधिक की राशि निगम खजाने में जमा कराई गई। अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर मीट अपशिष्ट प्रबंधन विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। मीट प्रभारी के निर्देशन में संचालित इस अभियान का उद्देश्य दुकानों में स्वच्छता बनाए रखना, अपशिष्ट का उचित निस्तारण सुनिश्चित करना और शहर की सफाई व्यवस्था को प्रभावित होने से रोकना है। निगम अधिकारियों के अनुसार मीट एवं मछली दुकानों पर स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं की निगरानी आगे भी जारी रहेगी। नियमों की अनदेखी और सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले दुकानदारों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आईएफएमआईएस केयर्स थीम पर आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण 25 एवं 26 नवम्बर को

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

इंदौर। आईएफएमआईएस केयर्स थीम के अंतर्गत विभिन्न विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 एवं 26 नवम्बर 2026 को कलेक्टोरेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में आयोजित किया जाएगा।

आयुक्त कोष एवं लेखा, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जिला कोषालय इंदौर द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वित्तीय कार्यों को अधिक पारदर्शी, सुगम एवं त्रुटिरहित बनाना है।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को वित्तीय अधिकार पुस्तिका, कोषालय संहिता एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही आईएफएमआईएस पोर्टल पर स्क्रॉल एवं रिपोर्ट संबंधी जानकारी तथा आईएफएमआईएस केयर्स कैम्प के अंतर्गत सामने आने वाली तकनीकी समस्याओं के समाधान के संबंध में भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्रीमती मोनिका कटारे ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण का लाभ लेने की अपील की है।

प्रशिक्षण के दौरान

अधिकारी अपनी तकनीकी जिज्ञासाओं एवं पोर्टल से संबंधित व्यावहारिक कठिनाइयों को साझा कर सकेंगे, जिससे उनका मौके पर ही समाधान किया जा सकेगा। इस प्रशिक्षण से वित्तीय कार्यों के निष्पादन में दक्षता बढ़ने के साथ ही शासकीय प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी।

गांव-गांव पहुंची कांग्रेस

संगठन मजबूती के लिए चौपालों और बैठकों का दौर तेज

गौतमपुरा ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों में हुआ जनसंपर्क, वार्ड अध्यक्षों के चयन और मतदाता सूची पुनरीक्षण पर हुई चर्चा

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

देपालपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के नेतृत्व में देपालपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। इसी क्रम में गौतमपुरा ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले गांवों में संगठनात्मक बैठकों एवं ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया।

इन बैठकों के माध्यम से कांग्रेस पदाधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर संगठन की सक्रियता बढ़ाने और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर रणनीतिक चर्चा की। अभियान के तहत चंबल-बहिरामपुर, फुलान-अंबालिया, पीरनलवासा-कुलाला, गढ़ीबिल्लौदा-ओसरा, जलोदिया ज्ञान-मजराखेड़ा, धर्माट,



चांदनखेड़ी, कनवासा, गुडर-जमगोदा, सुनाला, कटकोदा, पाड़ल्या-खंजरखेड़ा एवं छड़ोदा सहित विभिन्न गांवों में बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में कांग्रेस संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए गांव स्तर तक संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

बैठकों में प्रमुख रूप से वार्ड अध्यक्षों के चयन, मतदाता सूची के पुनरीक्षण एवं सत्यापन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक जिम्मेदारियों का सक्रियता से निर्वहन करने तथा मतदाता सूची से जुड़े कार्यों में सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इसके साथ ही आगामी 26 नवंबर को भोपाल में आयोजित कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आमंत्रित किया गया। ग्रामीण स्तर पर आयोजित इन चौपालों को कांग्रेस के संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

ये रहे प्रमुख रूप से मौजूद

इस अवसर पर देपालपुर विधानसभा प्रभारी ऋतुराज सिंह चौहान, गौतमपुरा ब्लॉक प्रभारी सुरेंद्र सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन चौधरी, मंडलम अध्यक्ष सुरेश यादव एवं राजेंद्र सिंह सोलंकी सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा सेवी बेदी, सत्यनारायण शर्मा, सुरेश नागर, जीतू दरबार, जसवंत आंजना (गिरोता), जसवंत आंजना (कनवासा), मिथलेश जोशी सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भी बैठकों में सहभागिता की। पूर्व अध्यक्ष इंदौर सहकारी दुग्ध संघ एवं पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत देपालपुर मोतीसिंह पटेल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में संगठनात्मक बैठकों और चौपालों के माध्यम से कांग्रेस को बूथ एवं वार्ड स्तर तक मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा देने के साथ आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को भी गति दी जा रही है।

सलमान खान ने अंकुर भाटिया को गिफ्ट की खास घड़ी, पर्दे के पीछे भी दिखी दोनों की शानदार बॉन्डिंग

फिल्म 'मातृभूमि' में आर्मी ऑफिसर्स की भूमिका में नजर आएंगे सलमान और अंकुर, 4 दिसंबर को होगी रिलीज

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान और प्रतिभाशाली अभिनेता अंकुर भाटिया की जोड़ी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर चर्चा में है। एसकेएफ के बैनर तले बन रही इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में दोनों कलाकार आर्मी ऑफिसर्स की दमदार भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के ट्रेलर में दोनों का प्रभावशाली अंदाज दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा रहा है। हालांकि, इस फिल्म की चर्चा सिर्फ पर्दे पर दोनों की शानदार केमिस्ट्री तक सीमित नहीं है, बल्कि शूटिंग के दौरान विकसित हुई उनकी खास दोस्ती भी सुर्खियां बटोर रही है।

दरअसल, अंकुर भाटिया लंबे समय से सलमान खान के प्रशंसक रहे हैं और उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। ऐसे में उनके साथ काम करने का अवसर अंकुर के लिए किसी सपने के सच होने जैसा रहा। शूटिंग के दौरान सलमान खान के सहज, विनम्र और गर्मजोशी भरे व्यवहार ने अंकुर को काफी प्रभावित किया।

एक बड़े सुपरस्टार के साथ काम करने का अनुभव उनके लिए धीरे-धीरे एक यादगार रिश्ते



में बदल गया। इसी खास अपनत्व और दोस्ती को और यादगार बनाते हुए सलमान खान ने हाल ही में अंकुर भाटिया को एक खास घड़ी उपहार में दी। सलमान की ओर से मिले इस तोहफे ने अंकुर को भावुक कर दिया। उनके लिए यह घड़ी महज एक उपहार नहीं, बल्कि सुपरस्टार के स्नेह, सम्मान और अपनेपन की अनमोल निशानी है। इस खास अनुभव को साझा करते हुए अंकुर भाटिया ने कहा कि सलमान खान के साथ काम करना उनके जीवन के बेहद यादगार अनुभवों में से एक है। वह वर्षों से सलमान के प्रशंसक रहे हैं और उन्हें अपना आदर्श मानते आए हैं। अंकुर के मुताबिक, सलमान की सबसे बड़ी खूबी उनका विनम्र स्वभाव और हर व्यक्ति के साथ गर्मजोशी से पेश आने का तरीका है। उन्होंने कहा कि सलमान के साथ स्क्रीन साझा करने और उनके साथ एक खूबसूरत रिश्ता बनाने का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। अंकुर ने घड़ी के उपहार को लेकर कहा कि सलमान का यह छोटा-सा इशारा उनके लिए बहुत मायने रखता है और वह इसे हमेशा संभालकर रखेंगे। उनके अनुसार, ऐसे छोटे-छोटे पल किसी रिश्ते की गहराई और इंसान के व्यक्तित्व की खासियत को बयां करते हैं।

पर्दे पर दिखेगी दमदार जोड़ी, 4 दिसंबर को रिलीज होगी फिल्म

अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी फिल्म 'मातृभूमि' में सलमान खान और अंकुर भाटिया को आर्मी ऑफिसर्स के किरदारों में देखना दर्शकों के लिए खास अनुभव होगा।

»» फिल्म में दोनों की दमदार मौजूदगी के साथ पर्दे के पीछे की उनकी आत्मीय बॉन्डिंग भी इस जोड़ी को चर्चा में बनाए हुए है। फिल्म 4 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

59 की उम्र में भी माधुरी का निखार, चेहरे पर आज भी बरकरार चमक

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

अभिनेत्री ने बातचीत में बताया था चेहरे की देखभाल का अपना आसान तरीका

माधुरी दीक्षित बढ़ती उम्र के बावजूद अपनी फिटनेस और चेहरे की चमक को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। 59 की उम्र में भी उनका चेहरा काफी तरोताजा और युवा नजर आता है। अभिनेत्री ने एक बातचीत के दौरान अपनी त्वचा की देखभाल से जुड़ी कुछ खास बातें साझा की थीं। माधुरी के मुताबिक चेहरे की चमक बनाए रखने के लिए महंगे उपचार ही जरूरी नहीं हैं। नियमित देखभाल, त्वचा को साफ रखना और रोजमर्रा की अच्छी आदतें भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अभिनेत्री ने यह भी बताया था कि वह चेहरे पर तीन चीजों का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि उपलब्ध जानकारी में उन तीनों चीजों के नाम स्पष्ट नहीं हैं। इसलिए बिना पुष्टि के किसी उत्पाद या घरेलू नुस्खे को माधुरी की दिनचर्या का हिस्सा बताना सही नहीं होगा। बढ़ती उम्र में त्वचा की जरूरत बदलती है। ऐसे में किसी भी चीज को चेहरे पर लगाने से पहले अपनी त्वचा के अनुसार विशेषज्ञ की सलाह लेना बेहतर है।



सर्दियों में तेजी से बढ़ रहा है वजन?

रोजाना करें ये योगासन, शरीर रहेगा फिट और एक्टिव



रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

सर्दियों का मौसम आते ही खानपान से लेकर हमारी दिनचर्या तक में कई बदलाव होने लगते हैं। ठंड के कारण सुबह जल्दी उठने और एक्सरसाइज करने का मन नहीं करता। वहीं, इस मौसम में गर्मागर्म पराठे, पकौड़े, मिठाइयां और दूसरी स्वादिष्ट चीजें खाने की इच्छा भी बढ़ जाती है। शारीरिक गतिविधियां कम होने और खानपान में लापरवाही के कारण कई लोगों का वजन बढ़ने लगता है। अगर आप भी सर्दियों में बढ़ते वजन से परेशान हैं, तो अपनी दिनचर्या में योग को शामिल कर सकते हैं।योग न केवल शरीर को सक्रिय रखने में मदद करता है, बल्कि मांसपेशियों को मजबूत बनाने, लचीलापन बढ़ाने और मानसिक तनाव कम करने में भी सहायक हो सकता है। नियमित अभ्यास के साथ संतुलित खानपान अपनाकर वजन को नियंत्रित रखने में मदद मिल सकती है। आइए जानते हैं ऐसे योगासन, जिन्हें सर्दियों में रोजाना अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया जा सकता है।

दिग्गी बोले, सीईसी चढ़ावा चोरी में भी शामिल

कहा-राम मंदिर के लिए 2 की जमीन 18 करोड़ में खरीदी; ज्ञानेश जन्मभूमि न्यास में ट्रस्टी भी थे

भोपाल (नप्र)। अशोकनगर जिले के चंदेरी में बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए। अपनी सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के दौरान आयोजित जनसभा में उन्होंने ज्ञानेश कुमार को वोट चोरी के साथ राम मंदिर निर्माण के चढ़ावा चोरी मामले से भी जोड़ते हुए निशाना साधा। दिग्विजय सिंह ने दावा किया कि ज्ञानेश कुमार राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी थे और जमीन खरीद में कथित अनियमितताओं का मामला सामने आने से तीन दिन पहले उन्होंने ट्रस्टी पद छोड़ दिया था।

- **जमीन 18 करोड़ में खरीदने पर उठाए सवाल-** दिग्विजय सिंह ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की जमीन खरीद का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि एक जमीन को पहले 2 करोड़ रुपए (एक अन्य संदर्भ में 9 करोड़ रुपए) में खरीदा गया और अगले ही दिन मंदिर ट्रस्ट ने उसे 18 करोड़ रुपए में खरीद लिया। उन्होंने सवाल किया कि जमीन की कीमत एक दिन में इतनी कैसे बढ़ गई। सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने भी इस मामले को प्रमाणों के साथ उठाया था। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गठित एसआईटी ने भी जमीन खरीद में कथित गड़बड़ी पकड़ी थी, लेकिन अब तक उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई।



दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि मामले में विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस से जुड़े लोगों के नाम आने के कारण केंद्र सरकार इस पर कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी इस मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया।

- **बोले- 99 प्रतिशत लोग ईवीएम के खिलाफ, बैलेट पेपर चाहते हैं-** चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि निष्पक्ष लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र चुनाव आयोग और पारदर्शी मतदाता सूची जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि अपनी 26 दिन की यात्रा के दौरान लोगों से बातचीत में 99 प्रतिशत लोगों ने ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से मतदान कराने की मांग की है। उन्होंने जनता से अपील की कि मतपत्र से चुनाव कराने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को दिए जाने वाले आवेदन के समर्थन में मिस्ड कॉल करें।
- **अमृता सिंह बोलीं- चढ़ावे में गड़बड़ी की किसी ने कल्पना नहीं की थी-** सभा में दिग्विजय सिंह की पत्नी अमृता सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए दिए गए योगदान में गड़बड़ी होगी, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि देश के मौजूदा हालातों को लेकर चिंतित होने के कारण ही दिग्विजय सिंह इस उम्र में पदयात्रा कर रहे हैं।
- **19 नवंबर को यूपी में प्रवेश करेगी यात्रा-** अशोकनगर जिले में यह यात्रा की 18वीं और आखिरी सभा थी। करीब 350 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद यात्रा 19 नवंबर को उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में प्रवेश करेगी। दिग्विजय सिंह ने बताया कि यात्रा के उद्देश्यों को लेकर उन्होंने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, धर्मेंद्र यादव और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से भी चर्चा की है।

4500 संविदा कर्मचारियों की उम्मीदों पर फिरा पानी

पहले जारी किया नियमितीकरण का आदेश; अब योजना होने से ही किया इनकार



भोपाल (नप्र)। मध्यप्रदेश के ऊर्जा विभाग ने साढ़े चार हजार से अधिक संविदा कर्मचारियों को नियमित करने के लिए शुरू की गई योजना से ही इनकार कर दिया है। पहले विभाग ने 24 जुलाई 2026 को संविदा कर्मचारियों को समकक्ष नियमित पदों पर नवीन नियुक्ति देने की योजना शुरू करने के लिए आदेश जारी किया और बाद में परीक्षा ही नहीं कराई।

अब सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने पर विभाग ने ऐसी किसी योजना की जानकारी होने से ही इनकार कर दिया है।

ऊर्जा विभाग द्वारा इस योजना को तीन महीने के लिए लागू करने के फैसले के बाद संविदा कर्मचारी विभागीय परीक्षा का इंतजार कर रहे थे, ताकि नियमितीकरण की प्रक्रिया का लाभ पा सकें, लेकिन 31 अक्टूबर 2026 की तय समय-सीमा के भीतर विभाग ने परीक्षा कराने के लिए न तो टाइम टेबल जारी किया और न ही विज्ञापन निकाला।

आदेश के क्रियान्वयन की जानकारी मांगी तो विभाग का जवाब चौंकाने वाला- इस योजना को लेकर ग्वालियर निवासी कोमल श्रीवास ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत 24 अक्टूबर 2026 को आवेदन देकर ऊर्जा विभाग के 24 जुलाई के पत्र के संबंध में जानकारी मांगी थी।

यह पत्र मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती विद्युत कंपनियों में संविदा आधार पर नियुक्त कर्मचारियों को समकक्ष नियमित रिक्त पदों पर नवीन नियुक्ति देने की प्रक्रिया निर्धारित करने से संबंधित है।

विभाग ने जवाब में कहा कि मांगी गई जानकारी रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं है। इस कारण जानकारी निरंक बताई गई है। आवेदक को यह भी सूचित किया गया कि यदि वह जवाब से संतुष्ट नहीं हैं तो सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 19 के तहत जवाब मिलने की तारीख से 30 दिनों के भीतर प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकते हैं।

यूनाइटेड फोरम फॉर पॉवर एम्प्लाइज एंड इंजीनियर्स के अध्यक्ष आरएस कुशवाह ने बताया कि 22 अक्टूबर को इस योजना को लागू करने के लिए प्रदर्शन किया गया था, लेकिन सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब सरकार को इस मामले में कार्रवाई करना चाहिए।

24 जुलाई के पत्र में क्या है प्रावधान- ऊर्जा विभाग के 24 जुलाई 2026 के पत्र में मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड और मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालकों को प्रस्ताव पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।

पत्र के अनुसार, 22 अप्रैल 2026 को मानव संसाधन प्रमुखों की बैठक में हुए विचार-विमर्श के आधार पर संविदा आधार पर नियुक्त कर्मचारियों को समकक्ष नियमित रिक्त पदों पर नवीन नियुक्ति देने की प्रक्रिया निर्धारित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। पत्र में योजना को आवश्यक संशोधनों के साथ लागू करने और संबंधित कंपनियों के प्रबंध संचालकों को इसके क्रियान्वयन के लिए अधिकृत करने की बात कही गई थी।

आज से महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का रोमांच

28 को फाइनल; पहले मैच में भारत का सामना मलेशिया से, 6 देशों की टीमें शामिल



भोपाल (नप्र)। राजधानी में 19 से 28 नवंबर तक महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2026 का आयोजन होगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) से अनुमोदित इस टूर्नामेंट में भारत सहित छह देशों की टीमें खिताब के लिए मैदान में उतरेंगी। बुधवार सुबह थाईलैंड की टीम भोपाल पहुंच गई है, जिसका एयरपोर्ट पर तिलक लगाकर शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। भारत के अलावा चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के मैच शेड्यूल में पहले दिन के मुकाबलों के समय में बदलाव किया गया है। नए कार्यक्रम के अनुसार, 19 नवंबर को पहला मैच दोपहर 12:15 बजे चीन और थाईलैंड के बीच खेला जाएगा। पहले यह मुकाबला दोपहर 1 बजे निर्धारित था।

थाईलैंड की टीम भोपाल पहुंची

महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2026 में हिस्सा लेने के लिए थाईलैंड की महिला हॉकी टीम बुधवार सुबह भोपाल पहुंची। भोपाल एयरपोर्ट पर टीम का पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया। खिलाड़ियों के माथे पर तिलक लगाया गया और शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया गया।

अवैध शराब मामले में बार के संचालक और मालिक को अग्रिम जमानत, अधि. अर्जुन सिंह भदौरिया ने पुलिस जांच पर उठाए सवाल

दैनिक सदभावना पाती



गाजियाबाद वौशली। अवैध शराब से जुड़े मामले में चोको बार के संचालक और मालिक को अदालत से अग्रिम जमानत मिल गई। मामले की पैरवी कर रहे वकील अर्जुन सिंह भदौरिया ने पुलिस की जांच प्रक्रिया पर गंभीर कानूनी सवाल उठाए। अधिवक्ता भदौरिया ने दलील दी कि पुलिस द्वारा जब्ती मेमो की प्रति उपलब्ध नहीं कराना जांच की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है। उनका कहना था कि जब्ती की कार्रवाई से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज की प्रति संबंधित पक्ष को उपलब्ध न कराने जाने से पुलिस की कार्रवाई की वैधानिकता पर सवाल उठते हैं। उन्होंने अदालत के समक्ष पुलिस जांच की प्रक्रिया और जब्ती संबंधी दस्तावेजों को लेकर अपनी आपत्तियां रखीं। इन कानूनी दलीलों के बीच चोको बार के संचालक और मालिक को अग्रिम जमानत की राहत मिली।